	सहित।		17:00 बजे तक	15:30 बजे तक

अन्य नियम व शर्ते मूल ई–निविदा के अनुसार रहेंगी। अन्य विवरण के लिए कृपया हमारी वेबसाईट **www.uktenders.gov.in** को देखें।

No: 335/EE(CM)/UPCL/A-2 Dated: 02.08.2023

अधीक्षण अभियन्ता
कारपोरेट (अनुबन्ध एवं क्रय-द्वितीय)

"राष्ट्र हित में बिजली बचाये।" बिजली बचाने हेतु एल0ई0डी0 बल्ब का प्रयोग करें। (टोल फ्री नं0 1912) "विद्युत बिलों के **24x7** ऑनलाइन भुगतान हेतु **www.upcl.org** पर जाएँ" (विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं0 18001804185 / फैक्स संख्या– 0135–2760911 पर दें।)

AMARUJALA - 03/08/23

LiFE Lifestyle for Environment

G20

मुख्यालय
उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड
"गौरादेवी पर्यावरण भवन"
46–बी, आई0टी0 पार्क, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून,
E-Mail: msukpcb@yahoo.com दूरभाष: 0135–2607092

प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्ति

उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में निम्न कॉलम संख्या–02 में दर्शित रिक्त पदों को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरे जाने हेतु अनुभवी अभ्यर्थियों से निम्नानुसार आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं :–

क्र.सं.	रिक्त पदों का विवरण	पदों की संख्या	वेतनमान (₹)	पात्रता
01	02	03	04	05
1	लेखाधिकारी	01	Pay level -10	शैक्षिक अर्हता / अनुभव इत्यादि का विवरण बोर्ड की वेबसाईट www.ueppcb.uk.gov.in पर उपलब्ध है। अभ्यर्थी द्वारा उपरोक्त वैबसाइट से सम्बन्धित प्रपत्र / आवेदन पत्र डाउनलोड कर निर्धारित प्रारूप में भरते हुये वांछित प्रपत्रों सहित बोर्ड मुख्यालय को प्रेषित किया जायेगा।
2	सहायक लेखाकार	03	Pay level - 05	

उपरोक्त पदों पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर तैनाती के इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन विभागाध्यक्ष की अनापत्ति सहित दिनांक 25.08.2023 को अपरान्ह तक सदस्य सचिव, उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड "गौरा देवी पर्यावरण भवन" 46बी, आई.टी. पार्क, सहस्त्रधारा रोड़, देहरादून के कार्यालय में पंजीकृत डाक / कोरियर / व्यक्तिगत रूप से उपलब्ध करा सकते हैं।

पत्रांक –यूकेपीसीबी / एचओ / Gen 393 / 510 दिनांक– 02.08.2023

सदस्य सचिव

कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी पदेन जिला प्रबन्धक उ0 बहुउद्देशीय वित्त एवं विकास निगम विकास भवन पौड़ी गढ़वाल

पत्र संख्याः 40/उ०बहु०निगम/पीएम०-अजय/2023-24

दिनांक 02/08/2023

प्रेस विज्ञप्ति

अनुसूचित जाति समुदाय के व्यक्तियों को आर्थिक विकास हेतु भारत सरकार के माध्यम से संचालित प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (PMAJAY) के अन्तर्गत आजीविका/आय सृजन क्रियाकलाप में अनुसूचित जाति के समूह/एकल पुरुष/महिलाओं परियोजनाओं में बैंकों के माध्यम से वित्त पोषित करने हेतु इच्छुक व्यक्तियों के ऋण आवेदन पत्र/प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं। जिसकी औपचारिकतायें निम्नानुसार है।

1. योजनान्तर्गत परियोजना लागत का 50 प्रतिशत अधिकतम रु० 50000 अनुदान अनुमन्य होगा।
2. ऋण हेतु वार्षिक आय की कोई सीमा निर्धारित नहीं की गई है परन्तु उन व्यक्तियों/परिवारों को प्राथमिकता दी जायेगी जिनके परिवार की वार्षिक आय रु 2.50 लाख से कम होगी।

अतः उक्त योजनान्तर्गत इच्छुक आवेदक अपने ऋण प्रस्ताव खण्ड विकास अधिकारी के माध्यम से अथवा जनपदीय कार्यालय को दिनांक 12.08.2023 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। ताकि आवेदन पत्र का चयन सःसमय किया जा सके। निर्धारित तिथि के उपरान्त प्राप्त प्रस्ताओं पर विचार किया जाना सम्भव नहीं हो पायेगा। योजना की अधिक जानकारी हेतु कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी पदेन जिला प्रबन्धक उ० बहुउद्देशीय वित्त एवं विकास निगम विकास भवन पौड़ी गढ़वाल में या कार्यालय के टेलीफोन नम्बर 01368-222375/मोबाईल नम्बर 9557353243 में सम्कर्प किया जा सकता है।

(विनोद कुमार उनियाल)
जिला समाज कल्याण अधिकारी
पदेन जिला प्रबन्धक
पौड़ी गढ़वाल

जियोफिजिकल जांच करवाई जाएगी। कहा कि अतिवृष्टि से भूस्खलन हुआ है। एक इलाके की ही नहीं, पूरे पहाड़ की ड्रोन से टेस्टिंग कराई जाएगी। इससे पूर्व उन्होंने भीमगोड़ा देवीपुरा स्थित कृष्ण कृपा धाम में पहुंचकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक व पूर्व सह कार्यवाहक स्वर्गीय मदन दास देवी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। संवाद

गुफा में मिली श्रीकृष्ण की प्राचीन मूर्ति

ज्ञाणजा गांव में गुफा के अंदर मिली श्रीकृष्ण की मूर्ति। संवाद

उत्तरकाशी(विपिन नेगी)। वरुणावत पर्वत के शीर्ष पर बसे ज्ञाणजा गांव में दो साधुओं ने मिलकर एक प्राकृतिक गुफा को विकसित किया है। गुफा में श्रीकृष्ण की प्राचीन मूर्ति मिली है। साथ ही इसके अंदर शिवलिंग भी मिला है। ग्रामीणों ने पर्यटन विभाग से गुफा के संरक्षण की मांग की है।

भटवाड़ी ब्लॉक के ज्ञाणजा गांव के हरुना नामे तोक में जंगलों के बीच स्वामी शंकर महाराज ने करीब 250 मीटर लंबी प्राकृतिक गुफा की खोज की। उन्होंने ग्रामीणों के साथ गुफा का सर्वे किया। गुफा में महाभारतकालीन श्रीकृष्ण की पत्थर की एक मूर्ति मिली।

स्वामी शंकर महाराज ने जोगड़ गांव आश्रम के विपुल स्वामी के साथ मिलकर गुफा को विकसित करने का बीड़ा उठाया। दोनों साधुओं ने गुफा तक पहुंचने के लिए सीढ़ियां बनाने के साथ ही गुफा के मुख को चौड़ा कर वहां पर गेट बनाया। वहीं गुफा के अंदर सोलर लाइट भी लगाई गई है। स्वामी विपुल ने बताया कि पुराणों में उल्लेख है कि यह महाभारतकाल में महातपा ऋषि की तपस्थली थी। क्षेत्र पंचायत सदस्य तनुजा नेगी ने कहा कि गुफा पंचकोसी यात्रा के मुख्य पड़ाव पर स्थित है। इस संबंध में उन्होंने पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन से गुफा के संरक्षण की मांग की है। जिला पर्यटन अधिकारी जसपाल चौहान ने बताया कि जिले में केव टूरिज्म के लिए गुफाओं की एक साइट तैयार की जा रही है जिसमें इस गुफा को शामिल किया जाएगा। संवाद